Fashion Express
(A GOVT. OF INDIA RECOGNISED EXPORT HOUSE)

Factory :
100, Udyog Vihar, Phase-I,
Gurgaon - 122016, INDIA
☎ : 91 - 124 - 4002582 / 83 / 84
Fax : 91 -124 - 2439558
E-mail : fex@vsnl.com

दिनांक: 28•3•07

29/3/07

सेवा में,

श्रीमान उपायुक्त महोदय,
गुडगांवा ।

विषय: कम्पनी के अन्दर धरना प्रर्दशन करने बारे ।

श्रीमान जी,

हमारी कम्पनी के लगभग 50-60 श्रीमक बिना किसी कारण के एक मत एक राय होकर कम्पनी में कार्य छोडकर गैर कानुनी रूप से हडताल पर दिनांक 22•3•07 से बैठ गये है । जबकि प्रबन्धको को दिनांक 21•6•06 को सिविल जज गुडगांवा द्वारा इस प्रकार का धरना प्रदर्शन ना करने बारे स्टे आर्डर मिला हुआ है । स्टे आर्डर के बावजूद श्रीमकगण कम्पनी के अन्दर ही धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए है । श्रीमको को इस प्रकार से कम्पनी के अन्दर बैठने से कम्पनी की प्रोपर्टी व मशीनरी को भारी नुकसान का खतरा है । क्योकि इन श्रीमको के साथ कुछ असामाजिक तत्व भी मिले हुए है । आपसे अनुरोध है कि इन श्रीमको को जो धरने प्रदर्शन पर बैठे है , कोर्ट के आदेशानुसार कम्पनी के बाहर 50 मीटर की दूरी के बाद कर सकते है । अत: आपसे अनुरोध है कि इन श्रीमको को कोर्ट के आदेशो की पालना करवाते हुए कम्पनी से बाहर आने को कहे अन्यथा जो नुकसान होगा उसकी जिम्मेदारी इन श्रीमको की होगी । तथा धरना के दौरान उपर जा रही नंगी बिजली तारो

•2

Fashion Express
(A GOVT. OF INDIA RECOGNISED EXPORT HOUSE)

Factory :
100, Udyog Vihar, Phase-I,
Gurgaon - 122016, INDIA
☎ : 91 - 124 - 4002582 / 83 / 84
Fax : 91 -124 - 2439558
E-mail : fex@vsnl.com

से बिजली हेतु गेर कानुनी तरीके से तार डालकर बिजली ले रहे है जिससे कोई भी बडा हादसा हो सकता है। जो श्रमिक हडताल पर कम्पनी के अन्दर बैठे है दुसरे कम्पनी में कार्य कर रहे श्रमिको के साथ मारपीट करते है तथा उनको काम करने से रोकते है तथा कम्पनी में जो ठेकेदारो के श्रमिक जो कार्यरत है उनको भी कम्पनी में नही आने दे रहे है। तथा कम्पनी में कार्यरत स्टाफ के साथ भी इस तरह का बर्ताब कर रहे है तथा जिस कारण कम्पनी में कार्यरत श्रमिक व स्टाफ अपनी जान मारपीट का खतरा होने की वजह से हमें कार्य करने से मना करते है। अगर कार्य पर आते है तो बडा हादसा होने का खतरा है। इस स्थिति में कम्पनी को जो वर्तमान में आर्डर मिले है वे सब कैन्सिल हो गये है तथा अगर इसी तरह का वातावर्ण रहा तो भविष्य में भी आर्डर मिलने की सम्भावना ना है। ऐसी स्थिति में कम्पनी बन्द होने के कगार पर आ सक्ती है। आपसे अनुरोध है कि इन हडताली श्रमिको को कम्पनी के बाहर आकर धरना प्रदर्शन करने के लिए कहे तथा कम्पनी की प्रोपर्टी व मशीनरी को बचाया जा सके व बडा हादसा होने से बचाया जा सकें। इस सन्दर्भ में पहले भी श्रमिको तथा सम्बन्धित अथोरिटी को दि. 26.3.07 व 22.3.07 को पत्रो द्वारा सूचना दी जा चुकी है परन्तु आज तक कोई कार्यवाही ना हुई है। पत्रो की कापी सलंग्न है।

प्रार्थी
FASHION EXPRESS

Authorised Signatory

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. श्रीमान एस एस पी साहब, गुडगांवा
2. श्रीमान एस एच ओ साहब, उद्योगविहार गुडगांवा
3. श्रम आयुक्त, चण्डीगढ
4. उप श्रमआयुक्त, गुडगांवा
5. श्रम तथा समझौताअधिकारी, गुडगांवा

Corp. Office : W-11/8, W-11, Lane Western Avenue, Sainik Farm, New Delhi - 110062.